# BHUVAN MALTI TEACHERS' TRAINING COLLEGE

Recognized by : NCTE Bhubaneswar | NCTE Code-ERCAPP1413-B.Ed./ERCAPP2465 -D.El.Ed.

**Affiliated to Aryabhatta Knowledge University Patna & Bihar School Examination Board Patna**

## E-NEWS BULLETIN

**1st Edition**

**(January 2021 to December-2021)**




**Courses**

**B.ED. & D.EL.ED.**

**AT- BASATPUR BADA TOLA POST- RUPDIH , MOTIHARI EAST CHAMPARAN BIHAR-845401**
**Mob- 9128959035,7250403409,7091193650**

*A unit of Tarkeshwar Narayan Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara,*



संरक्षक
**डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल**
सचिव, बी.एम.टी.टी.सी., मोतिहारी



प्रधान सम्पादक
**डॉ॰ मिथिलेश कुमार शुक्ल**
प्राचार्य, बी.एम.टी.टी.सी., मोतिहारी



लेखक/सम्पादक
**अंजनी कुमार गुप्ता**
असिस्टेंट प्रोफेसर, बी.एम.टी.टी.सी., मोतिहारी

# महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के शुभ अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 12 जनवरी, 2021 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी विवेकानन्द जी के शिक्षा दर्शन से संबंधित विचार प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात सभी प्रशिक्षु निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए। निबन्ध का शीर्षक **''स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा सिद्धान्त की वर्तमान शिक्षा में उपयोगिता''** था।

प्रतियोगिता का परिणाम आने पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रशिक्षुओं को 26 जनवरी के शुभ अवसर पर पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।





# सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर रंगोली व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

महाविद्यालय में दिनांक 23 जनवरी, 2021 को सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के शुभ अवसर पर रंगोली व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के देशभक्ति सम्बन्धी प्रेम के विचारों को प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् सभी प्रशिक्षुओं ने रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने अन्दर छुपी कला (आर्ट) को प्रस्तुत किया।








# 72वाँ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रोजेक्ट कार्य निर्माण का आयोजन



दिनांक 26 जनवरी, 2021 को महाविद्यालय में 72वाँ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मालती देवी के द्वारा झण्डोत्तोलन किया गया। प्राचार्य महोदय ने प्रशिक्षुओं को अपने जीवन में सैद्धांतिक मूल्यों और समरसता को उतारने का संदेश दिया। इसके साथ–साथ इस शुभ अवसर पर प्रोजेक्ट कार्य का निर्माण प्रशिक्षुओं द्वारा किया गया।



# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन



भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बसतपुर, बड़ा टोला, मोतिहारी में दिनांक 11 फरवरी, 2021 को सड़क सुरक्षा का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के मुख्य अतिथि एवं प्रेरक निर्देशक के रूप में पूर्वी चम्पारण के जिला परिवहन अधिकारी, श्री अनुराग कौशल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की संरक्षिका श्रीमती मालती देवी ने किया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षुओं को बताया कि सड़क सुरक्षा की पहली पुकार हेलमेट, सीट बेल्ट, ड्राईविंग लाइसेंस है। उन्होंने यहभी कहा कि सड़कों पर चलने से पहले स्पीड व रोड क्रॉसिंग दाएँ बाएँ चलने के साथ–साथ सजग रहना अति आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



# महाविद्यालय में चार दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी में चार दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता दिनांक 24 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित किया गया। इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में 20 प्रकार के आधुनिक एवं पुरातन खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रकार के खेल में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संरक्षिका महोदया एवं मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।





















# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी में ऑनलाइन के माध्यम से 90 फीसदी सिलेबस पूरा हुआ

भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में लॉकडाउन अवधि से ऑनलाइन कक्षा का संचालन प्रारम्भ किया गया ताकि विद्यार्थियों का ससमय कोर्स पूरा कराया जा सके। इसमें बी.एड. व डी.एल.एड. के सभी प्रशिक्षु गूगल मीट के माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं। महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने बताया कि कोरोना संक्रमण की विषम परिस्थिति में सभी शिक्षा विद् व शिक्षार्थी नए सिरे से सोचने व कार्य करने से नई सोच प्राप्त कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ॰ मिथिलेश कुमार शुक्ल ने बताया कि एक निश्चित समय–सारणी से सभी प्रशिक्षु पठन–पाठन कर रहे हैं।














Mr. Mithilesh kumar Shukla



Mr. Manoj Kumar Tiwari



Mr. Anjani Kumar Gupta




Mr. Chandar Prakash



Mr. Praveen babu



Mr. Amit Kumar




Mr. Manindra Pratap Singh




Dr. Navdeep Ranjan



Mrs. Anita Kumari



Mrs. Khushbu Kumari




Mrs. Kumkum Devi

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 21जून, 2021 को 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के द्वारा 'योग अभ्यास' कराया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने सहभागिता की और **'करे योग रहे निरोग'** थीम का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक योग गुरु श्री प्रशांत कुमार, आरा, बिहार ने योग प्रशिक्षण में आसन, प्राणायाम तथा अन्य विद्याओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम के सूत्रधार महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल द्वारा योग की महत्ता के बारे में बताया गया। प्राचार्य डॉ॰ मिथिलेश कुमार शुक्ल ने प्रशिक्षुओं को योग के इतिहास को बताया।




# महाविद्यालय का 8वाँ स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया

दिनांक 14 अगस्त 2021 को बसतपुर बड़ा टोला मोतिहारी में स्थित भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने अपना 8वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़े धूम-धाम से मनाया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मालती देवी ने की। मुख्य अतिथि श्री अमित सेन एवं विशिष्ट अतिथि डॉ॰ परवेज द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पूष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। डॉ॰ नवदीप रंजन ने महाविद्यालय के विगत वर्षों की उपलब्धियों को एवं भावी कार्यक्रम की रूप-रेखा प्रस्तुत की। प्रचार्य डॉ॰ मिथिलेश कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय से अतीव लगाव को प्रस्तुत करते हुए नए-नए पाठ्यक्रमों एवं व्यवस्थित शिक्षण की जिज्ञासा प्रकट की। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।






# 75वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह

भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी में 15 अगस्त के शुभ अवसर पर 75वाँ स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बड़े उत्साह से मनाया गया। सर्वप्रथम अध्यक्षा महोदया एवं प्राचार्य डॉ॰ मिथिलेश कुमार शुक्ल तथा प्रबंध समिति प्रभारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा झण्डोत्तोलन कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात् महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल द्वारा डिजिटल माध्यम से अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का शुभ संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा रंगोली, नाटक, डायलॉग, नृत्य, झांकी भी प्रस्तुत की गई जिसमें राष्ट्रीयता का अविरल संचार प्रवाहित हुआ। कार्यक्रम में सभी शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।






# शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 04 सितम्बर, 2021 शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय में राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस पर 'शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात् अध्यक्षा महोदया श्रीमती मालती देवी तथा प्रबन्ध तंत्र के प्रभारी श्री सत्येन्द्र कुमार द्वारा प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा उनसे शुभ संदेश प्राप्त किया।




# टी.एल.एम. वर्कशॉप का आयोजन

दिनांक 8 सितम्बर, 2021 को महाविद्यालय में टी.एल.एम. वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षु उपस्थित रहे। वर्कशॉप में सहायक प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न प्रकार के टी.एल.एम. निर्माण का विधियों को बताया गया जिससे प्रशिक्षु शिक्षण में इसका महत्व समझ सके।








# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. फ्रेशर पार्टी का आयोजन

15 दिसम्बर, 2021 को महाविद्यालय में महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल के जन्म दिन के शुभ अवसर पर बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं को फ्रेशर पार्टी दिया गया। सर्वप्रथम सचिव महोदय को विडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा जोड़कर प्राचार्य डॉ॰ एम॰ के॰ शुक्ल, कार्यालय अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार के द्वारा तथा शिक्षकगण एवं प्रशिक्षुओं की उपस्थिति में केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।

